Title : Need to provide adequate facilities in Jawahar Navodaya Vidyalaya in Saidwar (Bijnore), Uttar Pradesh.

**श्री मुंशी राम (बिजनौर) :** महोद्य, मेरी लोक्सभा क्षेत्र के अंतर्गत भारत सरकार के द्वारा ज्वाहर न्वोदय विद्याल्य सैंद्वार (बिजनौर) स्थापित किया गया है। 15 अग्स्त, 2005 स्वाधीनता दिव्स के अव्सर पर मैं विद्याल्य के स्वाधीनता दिव्स कार्य्क्रम में उपस्थित हुआ। जिला बिजनौर एवं उस्से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के 504 छात्र/छात्राएं उपरोक्त विद्याल्य में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि इस विद्याल्य में 24 घंटों में मात्र दो से तीन घंटे ही विद्युत आपूर्ति होती है। विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से न होने के कारण छात्र एवं छात्राओं की जो प्रतिभा सामने आनी चाहिए, उसे सामने आने का मौका नहीं मिल पा रहा है। विद्याल्य को स्थापित हुए 15 र्वा से अधिक हो चुके हैं, लेकिन जो अभिभावक अपने बच्चों से मिलने विद्याल्य में आते हैं उनके लिए अभिभावक प्रतीक्षाल्य एवं सांस्कृतिक कार्य्क्रम हेतु हाल विद्याल्य परिसर में नहीं है। इसी के साथ विद्याल्य परिसर में 504 बच्चों के छात्रावास के स्थान पर मात्र 396 बच्चों के लिए ही छात्रावास उपलब्ध है।